Bharat Temples

मुझको एहसास है,
तू मेरे पास है,
तू मेरा हमसफ़र सांवरे,
तू मेरा हमसफर सांवरे,
साथ तू उम्र भर सांवरे।।

तर्ज जो मेरी रूह को।

मुझपे तेरी नज़र,
फिर करूँ क्यों फिकर,
साथ तेरा मिला तो,
सताए ना डर,
तेरी ही रहमते है तभी तो मिली,
ज़िन्दगी में कदर सांवरे,
तू मेरा हमसफर सांवरे,
साथ तू उम्र भर सांवरे।।

आँखों में सांवरे,
बस तेरी ही छवि,
लब पे खिलता मेरे,
श्याम बन के हंसी,
दिल की ये धड़कने बस तेरा नाम ले,
हर घड़ी हर पहर सांवरे,
तू मेरा हमसफर सांवरे,
साथ तू उम्र भर सांवरे।।

जग अँधेरा बड़ा,
श्याम तू रौशनी,
रौशनी तू मेरी,
फिर क्यों होगी कमी,
हाथ थामे मेरा चलना बाबा सदा,
गोलू संग हर डगर सांवरे,
तू मेरा हमसफर सांवरे,
साथ तू उम्र भर सांवरे।।

मुझको एहसास है,
तू मेरे पास है,
तू मेरा हमसफ़र सांवरे,
तू मेरा हमसफर सांवरे,
साथ तू उम्र भर सांवरे।।

Singer Swarupa Sharma

Source: https://www.bharattemples.com/tu-mera-humsafar-sanware/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw